फर्द अहकाम

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी (SDO) भीण्डर, उदयपुर

प्रार्थी : श्री कमलाशंकर बनाम विपक्षी : श्रीमती कुसुमदेवी व अन्य

केस मुकदमा – 128 भू.राजस्व अधिनियम पत्रावली संख्या : 81/23

क्रमांक	कार्यवाही विवरण

दिनांक : 01.04.2025

पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। प्रकरण में विपक्षी संख्या 1 से 8 अनुपस्थित हैं। आवाजे दिलवाई गई। अत अनुपस्थित रहने पर विपक्षी संख्या 1 से 8 के विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही के आदेश दिये जाते हैं। पत्रावली के अवलोकन से पाया की विपक्षी संख्या 9 द्वारा जवाब पेश किया जा चुका है जो आज रेकर्ड पर लिया गया। शामिल फाईल रहे। प्रकरण में बहस सुनी गई। प्रकरण में अधिवक्ता प्रार्थी द्वारा पत्थरगढी किये जाने का निवेदन किया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। दस्तावेजात का अध्ययन किया। प्रकरण में अधिवक्ता प्रार्थी के कथनानुसार प्रार्थनाग्रस्त भूमि के प्रार्थी एवं विपक्षी संख्या 1, 2 खातेदार काश्तकार होकर आधिपत्यधारी हैं। विपक्षी संख्या 3 से 7 दक्षिण दिशा के पडौसी है प्रार्थी एवं विपक्षी संख्या 3 से 7 के बीच प्रार्थनाग्रस्त भूमि की सीमा को लेकर आये दिन विवाद होता रहता है जिससे बचने के लिये प्रार्थी प्रार्थनाग्रस्त भूमि की पत्थरगढी करवाना चाहता है जिससे प्रकरण में पत्थरगढी किये जाने का निवेदन किया। विपक्षी संख्या 9 द्वारा पत्थरगढी किये जाने पर कोई आपत्ति नहीं जताई। शेष विपक्षीगण द्वारा प्रार्थना पत्र का किसी प्रकार से खण्डन नहीं किया गया।

हमने अधिवक्ता प्रार्थी की बहस पर मनन किया। हमने पाया की प्रार्थनाग्रस्त भूमि में प्रार्थी हिस्से अनुसार खातेदार हैं। खातेदार को अपनी भूमि पर पत्थरगढी करवाये जाने का पूर्ण अधिकार है। पत्थरगढी किये जाने से प्रार्थी एवं विपक्षीगण की भूमि के बीच पक्का पुख्ता सीमाकंन हो जायेगा तथा भविष्य में सीमा संबंधित विवाद नहीं रहेगा जिससे प्रकरण में पत्थरगढी किया जाना उचित प्रतित होता हैं। अतः प्रार्थना पत्र न्यायहित में स्वीकार किया जाता हैं।

–: आदेश :–

परिणामस्वरूप प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 भू. राजस्व अधिनियम का स्वीकार किया जाता है कि मौजा नारायणपुरा पटवार हल्का बडगांव, तहसील भीण्डर जिला उदयपुर की जमाबंदी 2078–81 की खाता संख्या नया 39 की आराजी न. 165 रकबा 0.0400 है. भूमि की चारो दिशाओं सीमा की पत्थरगढी कर सीमाकंन कराया जावें। पत्थरगढी हेतु तहसीलदार भीण्डर को 1000/– एक हजार रूपया कमिश्नर शुल्क पर कमिश्नर नियुक्त किया जाकर आदेशित किया जाता है कि सभी पक्षकारान की उपस्थिति में पत्थरगढी कराई जाकर पालना प्रस्तुत करें। यदि नवीन सेटलमेंट के बाद प्रार्थनाग्रस्त भूमि की तरमीम व रेकर्ड में कोई त्रुटि हो तो पत्थरगढी नहीं की जावें। उक्त पत्थरगढी किसी प्रकार का कब्जा प्राप्त करने से संबंधित नहीं है। अतः यदि उक्त भूमि पर प्रार्थी का कब्जा नहीं है तो प्रार्थी कब्जा प्राप्ति हेतु सक्षम न्यायालय से राहत प्राप्त करें। तहसीलदार सुनिश्चित करें कि पत्थरगढी के दौरान कब्जा प्राप्ति की कार्यवाही न हो। पालना हेतु तहसीलदार भीण्डर को लिखा जाकर पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। फीरा कमिश्नर राशि का भुगतान प्रार्थी अदा करेगें।

निर्णय खुले ईजलास सुनाया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Ramesh Chandra Bahediya
Date: 2025.07.03 14:21:21 IST
Reason: SelfAttested